**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक-03.09.2023**

**वाहन कन्टेनर का नम्बर प्लेट बदलकर अवैध शराब की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों के कब्जे से 192 पेटी (1705.68 BL) अवैध शराब (कीमत करीब 12 लाख रुपये) बरामद करते हुए थाना लंका पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अवैध शराब तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं आम जनमानस की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में श्री आर0एस0 गौतम पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन में दिनांक 02.09.2023 को प्रभारी निरीक्षक लंका अश्वनी पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में थाना लंका पुलिस टीम द्वारा तलाशी अभियान के दौरान मुखबिर खास की सूचना किव "अवैध शराब तस्कर कन्टेनर में शराब लादकर पानीपत (हरियाणा) से दरभंगा (बिहार) जा रहे हैं, यदि शीघ्रता करे तो पकड़े जा सकते है", इस सूचना पर चौकी प्रभारी रमना उ0नि0 कुंवर अंशुमान सिंह मय हमराह पुलिस बल व आबकारी विभाग की टीम द्वारा सघन चेकिंग करते हुए नेत्रोदय अस्पताल, डाफी टोल प्लाजा के पास से 02 व्यक्तियों को घेरघार कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछा गया तो पहले ने अपना नाम संदीप कुमार पुत्र रामेहर निवासी ग्राम व पोस्ट खरकडा, थाना महम, जनपद रोहतक, हरियाणा तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम व पोस्ट मोई हुडा, थाना गोहाना सदर, जनपद सोनीपत, हरियाणा बताया। पकड़े गये व्यक्तियों से भागने का कारण पूछा गया तो बताये कि साहब उपरोक्त कनटेनर(ट्रक) में अवैध शराब लदी है जिन्हे लाई की बोरियों के बीच छिपाकर हमलोग पानीपत से दरभंगा ले जा रहे थे। आपलोगों को देखकर डरकर भागना चाहे कि पकड़ लिये गये। पकड़े गये अभियुक्तगण को अपराध का बोध कराते हुए समय करीब 15.15 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अपराध विवरण-** मु0अ0सं0 0347/2023 धारा 419/420/467/468/471 भा0द0वि0 व 60/63/72 उ0प्र0 उत्पाद शुल्क/ आबकारी अधिनियम बनाम 1. संदीप कुमार पुत्र रामेहर निवासी ग्राम व पोस्ट खरकडा, थाना महम, जनपद रोहतक, हरियाणा, 2. सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम व पोस्ट मोई हुडा, थाना गोहाना सदर, जनपद सोनीपत, हरियाणा।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम-पता-**

1. संदीप कुमार पुत्र रामेहर निवासी ग्राम व पोस्ट खरकडा, थाना महम, जनपद रोहतक, हरियाणा, उम्र करीब 35 वर्ष।
2. सोनू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम व पोस्ट मोई हुडा, थाना गोहाना सदर, जनपद सोनीपत, हरियाणा, उम्र करीब 32 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक व समय-** दिनांक- 02/09/2023 को समय 15.15 बजे नेत्रोदय अस्पताल के पास निकट डाफी टोल प्लाजा, थाना क्षेत्र लंका, वाराणसी।

**विवरण बरामदगी-**

1. कनटेनर ट्रक में लदी अवैध रायल जनरल ब्रांड व्हिस्की ( जिसमें 44 पेटी (750ml×528=396 BL), 86 पेटी (375ml×24×86=774BL), 62 पेटी (180ml×48×62=535.68BL)) कुल 192 पेटी (1705.68 BL) **कीमत करीब 12 लाख** बरामद।

2. कनटेनर (ट्रक) पर लगा फर्जी नम्बर प्लेट संख्या UP80FT6771 व वास्तविक नम्बर प्लेट HR67B6228 तथा एक अन्य नम्बर प्लेट अपठनीय कुल 03 अदद नम्बर प्लेट बरामद।

**पूछताछ विवरण-**

अभियुक्तगण से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताये कि साहब इस कनटेनर (ट्रक) में लाई की बोरियों के बीच में अवैध शराब की पेटियां रखी हुयी हैं जिनको हमलोग पानीपत से दरभंगा सप्लाई के लिये ले जा रहे थे। हमलोग कम्पनी के प्रोपराइटर, वाहन स्वामी की मिली-भगत से हरियाणा से शराब को दूसरे प्रान्त में तस्करी करके लाभ कमाते हैं तथा इसी से अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। साहब, इस गाड़ी में जो नम्बर प्लेट UP80FT6771) लगा है वह हमलोग यू0पी में दाखिल होते समय पुलिस से बचने के लिए लगा लेते हैं ताकि हम लोगों पर किसी को शक नहीं होगा, यह नम्बर प्लेट फर्जी है तथा वाहन का वास्तविक नम्बर प्लेट (HR67B6228) है जो हमलोग हरियाणा में इस्तेमाल करते हैं वह वाहन के अन्दर ही छिपा कर रखा है। आज हमलोग इस शराब को लेकर बिहार में दाखिल हो जाते, लेकिन पकड़े गये। साहब, हमें माफ करें।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम**

1. अश्वनी पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 कुंवर अंशुमान सिंह, चौकी प्रभारी रमना, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अग्रचारी यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 प्रणव पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 दिलीप कुमार सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 जितेन्द्र सिंह, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 अखिलानन्द पटेल, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
8. का0 शुभम त्रिपाठी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
9. का0 प्रेमचन्द मौर्य, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
10. का0 3147 चन्दन कुमार पाण्डेय, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
11. का0 3236 पुरुषोत्तम मिश्रा, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
12. का0 2617 आशीष तिवारी, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।
13. का0 3406 कमल सिंह यादव, थाना लंका, कमिश्नरेट वाराणसी।

**टीम आबकारी विभाग**

1. श्री पवन कुमार मिश्र, निरीक्षक से0 1, वाराणसी।
2. मनोज कुमार पाण्डेय, प्रधान आबकारी आरक्षी, वाराणसी।
3. उमेश सिंह, आबकारी आरक्षी वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**कार्यालय पुलिस उपायुक्त,**
**जोन-काशी, कमिश्नरेट वाराणसी।**

**नोटः-** गिरफ्तारी एवं बरामदगी करने वाली टीम के उत्साह वर्धन के लिए श्री आर0एस0 गौतम पुलिस उपयुक्त काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा 10,000/- (रुपये दस हजार) नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।